बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक-प्र07-ज0वि0प्र0-57/2011 3243 /खाद्य, पटना/दिनांक- 24/5/2012

महत्वपूर्ण
फैक्स/ई-मेल

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।

विषय :- पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन के अन्तर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित डाटा-इन्ट्री के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक- 2808 दिनांक- 08.05.2012 के प्रसंग में कहना है कि उक्त पत्र के माध्यम से पी0डी0एस0 कम्प्यूटराईजेशन के अन्तर्गत जन वितरण प्रणाली दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री हेतु प्रखंड-पंचायत ग्राम-डाटा का सत्यापन कर NIC को उपलब्ध कराने एवं NIC से जिले के लिए जन वितरण प्रणाली दुकान की डाटा-इन्ट्री हेतु निर्धारित Software Password प्राप्त कर इन्ट्री का कार्य कराने का अनुरोध किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार से प्राप्त निदेशनुसार मुख्य सचिव, बिहार के स्तर पर आहूत बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में पी0डी0एस0 दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री का कार्य हर हाल में 31.05.2012 तक पूर्ण कर लिया जाना है ।

अतएव अनुरोध है कि पी0डी0एस0 दुकानों से सम्बन्धित डाटा-इन्ट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय एवं तत्सम्बन्धी प्रतिवेदन अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

ह०/-

सरकार के संयुक्त सचिव ।

ज्ञापांक- प्र07-ज0वि0प्र0-57/2011 3243 /खाद्य, पटना/दिनांक-24/5/2012

प्रतिलिपि- सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/-

सरकार के संयुक्त सचिव ।

D:\Year-2012\Sec-7\PDS Compurerization.doc